चयन के लिए ट्रायल का आयोजन किया

करौली(नि.स.)। जिला क्रिकेट संघ द्वारा राजस्थान में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए अंडर-19 खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल आयोजित किया गया।

खेड़ा गांव स्थित सौरव एजुकेशन कैंपस में आयोजित ट्रायल में जिले के 36 प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों ने भाग लिया।

ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों से बैटिंग, बॉलिंग, फील्डिंग, कैच सहित कई तरह से प्रतिभा की जांच की।जिला क्रिकेट संघ करौली उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि हिंडौन के खेड़ा गांव स्थित सौरभ एजुकेशन कैंपस में कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता के लिए ट्रॉयल का आयोजन किया गया।

ट्रॉयल में करौली जिले से 36 क्रिकेट खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल के दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से खेल की तकनीक के साथ ही शारीरिक फिटनेस का ध्यान रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि कॉल्विन शील्ड का कार्यक्रम तय होनेके बाद जल्द ही चयनित 16 सदस्यीय जिले की टीम कि घोषणा की जाएगी। चयनित टीम कॉल्विन शील्डप्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावासों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए

भरतपुर (निस)। शासन सचिव सहकारिता एवं जिला प्रभारी सचिव सुचि त्यागी ने शनिवार को जिले का दौरा कर आंगनवाडी केन्द्रों एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का

- **नियमित रूप से पोषाहार सप्लाई होने के साथ भंडारण के लिए किये गये सुरक्षात्मक उपायों को देखा तथा मानसून के सीजन में सुरक्षित रखरखाव करने के निर्देश दिये।**

जायजा लिया। जिला प्रभारी सचिव सेवर पंचायत समिति के ग्राम श्यौराना पहुंची जहां आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण कर पोषाहार एवं बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा के लिए किये जा रहे प्रबन्धों की जानकारी ली। उन्होंने नियमित रूप से पोषाहार सप्लाई होने के साथ भंडारण के लिए किये गये सुरक्षात्मक उपायों को देखा तथा मानसून के सीजन में सुरक्षित रखरखाव करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पोषाहार सप्लाई के लिए सरकार द्वारा निर्धारित तिथियों को प्रत्येक केन्द्र पर निर्धारित मात्रा एवं गुणवत्ता के साथ पहुंच सुनिश्चित की जाये। उन्होंने पोषाहार पंजिका का निरीक्षण कर प्रतिमाह आवश्यकता एवं उपलब्धता के अनुसार किये जा रहे वितरण के संबन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दलिया, उपमा, मुरमुरे आदि की गुणवत्ता की जांच कर पोषाहार के बारे में बच्चों का जानकारी भी दें। जिससे मन लगाकर खा सकें। जिला प्रभारी सचिव ने आंगनवाडी केन्द्र के माध्यम से नियमित लाभान्वित हो रहे बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की जानकारी लेकर राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा खेल-खेल के माध्यम से दी जाये जिससे उन्हें प्रारभिंक जानकारी मिल सके। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को गुणवत्तयुक्त भोजन की उपयोगिता बताने एवं टीकाकरण के लिए जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों पर उपलब्ध कराई जा रही सामग्री का पात्रजनों को नियमित वितरण किया जाये। निरीक्षण के समय पाया गया कि केन्द्र पर 7 माह से 3 वर्ष के 41 एवं 3 से 6 आयुवर्ग के 29 बच्चे लाभान्वित किये जा रहे है। गर्भवती 12 तथा धात्री 9 महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। जून माह तक का पोषाहार सामग्री प्राप्त हो चुकी है तथा सुरक्षित रखरखाव किया गया है। केन्द्र पर आंगनवाडी कार्यकर्ता मुकेश जादौन, सहायिका राधा एवं सहयोगिनी रामलता उपस्थित पाई गई। जिला प्रभारी सचिव ने लोहागढ किले में संचालित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया जहां भोजन की गुणवत्ता, बालिकाओं को राज्य सरकार द्वारा की जा रही सुविधाओं एवं आवास व्यवस्था का जायजा लिया।

आंगनवाडी केन्द्रों एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

सार-समाचार

वरिष्ठ पेंशनर्स ने पौधारोपण किया

सतीश गुप्ता के संरक्षण में वरिष्ठ पेंशनर्स ने सामूहिक पौधारोपण किया।

भरतपुर (निस)। जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति ने स्वास्थ्य मन्दिर नवनिर्मित वृद्ध आश्रम नगला जोधसिह में ''एक पेड भावी संतति के नाम'' की अवधारणा पर डॉ अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता तथा ई एसएन अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण गुप्ता व सतीश चन्द गुप्ता के संरक्षण में वरिष्ठ पेंशनर्स ने सामूहिक पौधारोपण किया। इस अवसर पर ई एसएन अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष न केवल जीवन का आधार है बल्कि भविष्य के जीवन की सुरक्षा और धरती का श्रंगार भी है। अपनी भविष्य की संतति को ग्लोवल वार्मिग जैसी सम्भावित आपदाओं से बचाने के लिए सामूहिक पौधारोपण कर जलवायु संरक्षण से भावी जीवन को बचाने की आज महती आवश्यकता है अत: वरिष्ठ जनो का यह प्रयास युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। महामत्री सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि आश्रम में समिति के उपस्थित सभी अग्रवाल पेंशनर्स ने सपत्निक एक पेड लगाकर अपनी युवा पीढी को पेडों के महत्व का संदेश दिया तथा माह जुलाई के सदस्यों के जन्म दिन का जन्म उत्सव भी सपत्निक मनाया। स्वास्थ्य मन्दिर के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ वीरेन्द्र अग्रवाल ने वरिष्ठजनों को स्वस्थ्य जीवन के लिए विपासना ध्यान, योग आसन व अन्य मेडीटेसन से प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में डॉ अशोक बंसल, दीनदयाल गुप्ता, सीएम गुप्ता, महेन्द्र भूषण गुप्ता, शंकर लाल गुप्ता, सत्य प्रकाश बंसल, शिव नाथ गोयल, महेश चन्द्र बंसल, ओम प्रकाश गुप्ता नमक कटरा, वेद प्रकाश सिंघल, रिखव चन्द मित्तल, निरजन प्रसाद अग्रवाल, रामअवतार गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, टीका राम अग्रवाल, शिवनाथ गोयल, श्याम बिहारी अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, सतीश चन्द सिंघल, राधा रमण गुप्ता, जगदीश चन्द गुप्ता, एसपी जिन्दल, सुरेश चन्द अग्रवाल, वेद प्रकाश सिंघल जवाहर नगर, दिनेश चन्द बंसल, विष्णु भगवान गर्ग, रविन्द्र कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

करौली (नि.स.)। विद्यालय प्रबंधन एव विकास समिति के सचिव राजेन्द्र दीवान ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद विभाग करौली के राजकीय योग एव प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र के योग एव प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विशाल मथुरिया तथा ख्यातनाम योग प्रशिक्षक सियाराम जाटव ने विद्यार्थियों को शारीरिक एव मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए तथा योगाभ्यास कराय डॉ0 विशाल मथुरिया ने स्वस्थ जीवन शैली के चार स्तम्भों आहार विहार आचार और विचार की सरल शब्दों में व्याख्या करते हुए जीवन में इनके संतुलन बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए ऊषा पान तथा योग को भी दिनचर्या में आवश्यक रूप से अपनाने की सलाह दी।शिविर में योग प्रशिक्षक सियाराम जाटव ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग हमारे शरीर को स्वास्थ्य से जोड़ता है तथा मन पर नियन्त्रण, एकाग्रता और याददाश्त की क्षमता बढ़ाने में सहायक है। योग प्रशिक्षक ने वर्षा ऋतु के पथ्य-अपथ्य का वर्णन करते हुए रसोई घर में उपलब्ध वस्तुओं से स्वस्थ रहने के नुस्खे बतलाए तथा सभी को भ्रस्तिका अनुलोम विलोम भ्रामरी आदि प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया का अभ्यास करवाया।इस अवसर पर सभी को उज्ज्वल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य के लिए गुटका,तम्बाकू धूम्रपान का कभी भी सेवन नहीं करने का संकल्प दिलाया गया। पंचायत शिक्षा प्रसार अधिकारी एव प्रधानाचार्य घनश्याम जाटव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा शिविर में बताई बातों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। शिविर की शुरुआत में सभी को योग प्रार्थना मंत्र का उच्चारण कराया गया तथा शान्ति पाठ के साथ शिविर का समापन किया गया। संचालन राजेन्द्र दीवान तथा मालचंद ओझा ने किया। शिविर मे 250 छात्र छात्रा तथा राजेंद्र गर्ग, केदार शर्मा,रंगीलाल, मनोज कुमार गंगा सहाय, नारायण सिंह, अल्पना शर्मा,राजकुमार,मनीष, हुकमचंद माली सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि कल

भरतपुर (निस)। जिला खण्डेलवाल वैश्य समाज भरतपुर-डीग की परिचय सम्मेलन समिति की बैठक खण्डेलवाल धर्मशाला खिरनीघाट भरतपुर पर जिलाध्यक्ष सुरेश माठा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें परिचय सम्मेलन समन्वयक नैमचन्द खण्डेलवाल ने कहा कि विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2024 रखी गई है। स्मारिका संयोजक कुसुम रावत ने कहा कि इसके पश्चात् रजिस्टेशन कराने वाले युवक-युवतियों के नाम परिचय पुस्तिका में नहीं छप सकेंगे। कार्यक्रम संयोजक नीतू पाटौदिया ने कहा कि जिनके रजिस्ट्रेशन नहीं होंगे वे बंधु ऑडिटोरियम में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल लोहिया, ओमप्रकाश खण्डेलवाल, जिला महामंत्री संदीप गांधी आदि ने तैयारी पर विचार रखे।

प्रथम पुण्यतिथि पर 151 पौधे रोपे

करौली(नि.स.)। महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान करौली के तत्वाधान में माली समाज के द्वारा डांग क्षेत्र में स्थित छात्रावास परिसर में हरियाला राजस्थान की थीम के तहत डाक विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 सत्यनारायण सिंह की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष में 151 पौधे लगाकर पर्यावरण का संदेश दिया गया। राजस्थान सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों एवं संस्थाओं,कार्यालय में हरियाला राजस्थान की थीम पर पौधारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिलाने का काम कर रही है जिसको लेकर शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान परिसर में माली समाज के विभिन्न संगठन महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान,गोवर्धन भक्त मंडल करौली के द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 151 पौधे संस्थान परिसर में लगाए गए।इस दौरान मानव श्रृंखला बनाकर एक साथ महात्मा फूले सर्किल गार्डन में विभिन्न प्रकार की किस्म के फल व फूलों एवं छायादार पौधों को लगाकर संरक्षण की जिम्मेदारी ली। संस्थान अध्यक्ष प्रेम सिंह माली ने बताया कि पर्यावरण को संरक्षण व सुरक्षित रखने के लिए राजस्थान सरकार की थीम हरियाला राजस्थान के तहत संस्थान परिसर में डांग क्षेत्रीय विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर सत्यनारायण सिंह की पहली पुण्यतिथि के उपलक्ष में बोतल,पाम, आम,जामुन,नींबू ,कनेर, चांदनी, सहजन आदि किस्म के पौधे रोपे गए। यह संस्थान पथरीली डांग क्षेत्र की जमीन पर स्थित है जहां पर पौधे लगाकर आमजन को संदेश दिया है कि पथरीली और डांग क्षेत्र की जमीन में भी पौधे लगा कर पर्यावरण को शुद्ध रखा जा सकता है।

नई पेंशन स्कीम रद्द करवाना ही मजदूर संघ का एकमात्र लक्ष्य

गंगापुर सिटी । बेस्ट सेंटर रेलवे मजदूर संघ के मंडल परिषद एवं सीईसी की बैठक में भाग लेने कोटा पहुंचे नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेंस के महामंत्री डॉ एम राघवैया ने कोटा प्रवास के दौरान कहा कि साथियों आज का युवा रेल कर्मचारी भारतीय रेल में अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। भारत सरकार ने नेशनल पेंशन स्कीम लागू करके उसका भविष्य अंधकार में बना दिया है जिसे रद्द करवाना ही हमारा सर्वोपरि लक्ष्य है। साथियों हमने लडाई लडकर एनपीएस के अंदर बहुत कुछ हासिल किया है और बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। हमने गत वर्ष दिल्ली के रामलीला मैदान के अंदर एकजुट होकर सरकार को बताया हमने विभिन्न मीटिंग्स के अंदर रेलवे बोर्ड के साथ डायलॉग करके भारत सरकार को चेताया कि एनपीएस खत्म करके ओ पी एस लाना जरूरी है। आगामी सप्ताह के अंदर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। भारत सरकार ने कमेटी गठित की है, कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार नई पेंशन स्कीम के बारे में निर्णय लेने वाली है। हमारी सरकार को चेतावनी है कि एनपीएस खत्म करके ओ पी एस को लागू नहीं किया तो रेल का चक्का जाम किया जाएगा। विभिन्न मांगों को लेकर हमारी लडाई जारी रहेगी जिसमें एनपीएस का मुद्दा प्राथमिकता में रहेगा। रेल मजदूरो के हितो एवं अधिकारों के लिए नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेंस ने सदेव आगे रहकर संघर्ष करने का कार्य किया है।

रेलवे मेंस के महामंत्री डॉ एम राघवैया का स्वागत करते रेल कर्मचारी।

लककुश वाटिका हुई तैयार, शीघ्र होगा उद्घाटन

करौली (नि.स.)। करौली में ईको टूरिज्म के तहत लवकुश वाटिका विकसित की गई है। इस लवकुश वाटिका के जरिए आमजन प्रकृति से रुबरू हो सकेंगे। साथ ही लोगों को जिला मुख्यालय पर घूमने-फिरने और बच्चों को मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे।

वन विभाग की ओर से जिला मुख्यालय के मंडरायल रोड पर रणगमा तालाब के पास लवकुश वाटिका तैयार की गई है। जिसमें करीब सभी कार्य पूरे हो चुके हैं। जल्द ही लवकुश वाटिका का उद्घाटन होने की उम्मीद है।राज्य सरकार की ओर से वर्ष 2022-23 मुख्यमंत्री बजट घोषणा में प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक जिले में ईको टूरिज्म लवकुश वाटिका विकसित करने की घोषणा की थी। वाटिका के लिए करीब 2 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे। जिसमें पहले फेज में 90 लाख रुपए और द्वितीय पेज में 40 लाख रुपए का काम कराया जा चुका है। घोषणा के तहत करौली में रणगमां तालाब के पास लवकुश वाटिका विकसित की गई है।वन विभाग की करीब 9 हेक्टेयर भूमि में वाटिका तैयार की गई है। विभाग का मानना है कि लवकुश वाटिका के विकसित होने से न केवल वन और वृक्षों के संरक्षण के लिए जनचेतना आएगी बल्कि लोगों को प्रकृति से रुबरू होने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही करौली में एक नया पर्यटन स्थल भी विकसित हुआ है।उपवन संरक्षक सुमित बंसल ने बताया कि लवकुश वाटिका में 6 फीट ऊंचाई की करीब 800 मीटर की चारदीवारी का निर्माण कराया गया है। वहीं रास्तों की मरम्मत के साथ प्रकृति पथ बनाया गया है। इसमें तीन प्लेटफार्म बनाए गए हैं। जिनमें दो बड़े और एक छोटा प्लेटफार्म है। इन प्लेटफार्म पर बैठकर लोग योगा कर सकेंगे। साथ ही सेल्फी पाइंट भी बनाए है। इसके साथ ही 110 रनिंग मीटर में ट्रैक का निर्माण भी कराया गया है। करीब तीन किलोमीटर क्षेत्र में अलग-अलग एडवेंचर ट्रेल बनवाए गए हैं। इनमें एक्यूप्रेशर ट्रैक,ईको ट्रायल ट्रैक का निर्माण हुआ है। ट्रैक के दोनों ओर 500 मीटर में कर्व का निर्माण कराया गया है। उन्होने बताया कि बारिश के दौरान मिट्टी कटाव को रोकने के लिए एक एम्प्टी का निर्माण कराने के साथ तीन लूज स्टोन चेक डेम्प बनाए गए हैं। जो मिट्टी का कटाव रोकने का कार्य करेंगे। जिस स्थान पर अधिक कटाव की संभावना रहती है। वहां पत्थरों से खरंजा भी कराया है। साथ ही ढलान क्षेत्र में सीढ़ीनुमा स्टेज का निर्माण हुआ है। वहीं वाटिका में दो तलाइयों का निर्माण कराने के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए हैं। इनके अलावा वॉलीबॉल ग्राउंड भी तैयार किया है। लवकुश वाटिका को हरा-भरा बनाने के लिए वन विभाग की ओर से 11 हजार से अधिक पौधे भी लगाए गए हैं। जिनमें विभिन्न किस्मों के पौधे शामिल हैं। छायादार,फलदार पौधों के अलावा औषधीय पौधे भी वाटिका में रोपे गए हैं। पर्यटकों को बैठने के लिए बैंच लगाई गई है और पीने के लिए पानी के प्रबंध भी किए जाएंगे।

जिला प्रभारी सचिव ने ली बैठक

भरतपुर (निस)। सहकारिता सचिव एवं जिला प्रभारी सचिव सुचि त्यागी ने शनिवार को कलक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेकर प्रदेश की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबन्ध में जिला स्तर पर की गई तैयारियों की समीक्षा की। जिला प्रभारी सचिव ने कहा कि सभी विभाग बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए अभी से कार्ययोजना बनाकर जिनमें भूमि की आवश्यकता है अथवा दो विभागों के समन्वय की जरूरत है उन्हें त्वरित रूप से पूरा करायें। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सभी विभाग प्रशासनिक स्वीकृति, टैंडर प्रक्रिया, भूमि आवंटन आदि कार्यों को समय रहते पूरा करें जिससे कार्य समय पर शुरू किय जा सकें। उन्होंने पर्यटन महत्व, यातायात के सुचारू किये जाने के लिए फ्लाई ऑवर निर्माण, नवीन कार्यालय भवन, कार्यालय क्रमोन्नत आदि की घोषणाओं के संबन्ध में स्वप्रेरणा से कार्य करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर डॉ अमित यादव ने विभागवार जिले की बजट घोषणाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर सचिव यूआईटी ऋषभ मंडल, प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन नीरज कुमार मीना, अतिरिक्त कलक्टर शहर श्वेता यादव, अधीक्षण अभियंता जलदाय मनोहरसिंह सहित संबन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

नेटथियेट के 4 वर्ष पूर्ण होने का जश्न मनाया

भरतपुर (निस)। नेटथियेट के 4 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, अब तक इस मंच पर 205 सजीव कार्यक्रमों की प्रस्तुति में लगभग 800 से अधिक कलाकारों ने भाग लेकर नेटथियेट मंच का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए अनिल मारवाड़ी ने बताया की पांच वर्ष पूर्ण होने पर पांच सदस्यीय जूरी द्वारा चयनित इस मंच पर प्रस्तुति दे चुके कलाकार को नेटथियेट व्युअर्स च्वाइस अवार्ड-2025 से सम्मानित किया जायेगा। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि सुप्रसिद्ध वायलिन वादक गुलजार हुसैन के निर्देशन में 6 उभरते युवा कलाकारो ने वायलिन की मधुर प्रस्तुति से घनघोर घटाओं से सतरंगी बारिश के बरसने से माहौल हुआ खुशनुमा।

इस अवसर पर नेट थिएट टीम एवं कलाकारों ने केक काटकर बड़े उत्साह और उल्लास के साथ 4 वर्ष पूर्ण होने का जश्न मनाया। वायलिन के इन युवा साधको ने वर्षा ऋतु मे राग देस की 9 मात्रा मे बंदिश बजाई जिसमे कोयल की कूक मोर की आवाज जैसा अहसास हुआ। इसके बाद तीन ताल द्रुत गति मे ताने, तिहाई, झाला और तबला-वायलिन की जुगलबंदी ने दर्शको का मन मोहा। इनके साथ तबले पर जेयान हुसैन ने असरदार संगत की। कार्यक्रम में कथक गुरु श्वेता गर्ग की शिष्या रक्षिता शेखावत ने नृत्य श्लोक 'यो नृत्यति प्रहेष्ट्र आत्मा से अपने नृत्य की शुरुआत की।

एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

करौली(नि.स.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश, करौली माधवी दिनकर के निर्देशन में शनिवार को करौली जिले के समस्त न्यायिक न्यायालयों, समस्त राजस्व न्यायालयों, जिला उपभोक्ता प्रतितोश आयोग एवं श्रम विभाग

- **लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाईन माध्यम से किया गया**
- **राष्ट्रीय लोक अदालत में 21,232 प्रकरणों का निस्तारण किया**

करौली में सभी प्रकृति के लंबित व प्री-लिटिगेशन विवादों से संबंधित एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाईन माध्यम से किया गया। पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश प्रहलाद राय शर्मा ने मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। करौली मुख्यालय पर बैंच संख्या 1 के अध्यक्ष प्रहलाद राय शर्मा न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय करौली,बैंच संख्या 2 के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट करौली, बैंच संख्या 3 के अध्यक्ष देवकरण गुर्जर अध्यक्ष जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोगएवं बैंच संख्या 4 की अध्यक्ष ममता चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली कि बैंचों का गठन किया गया। बैंच संख्या 1 व 2 में एक-एक अधिवक्ता सदस्य क्रमश: प्रदीप कुमार जैन व नितिन शर्मा रहे एवं बैंच संख्या 3 में सदस्य सुरेंद्र चतुर्वेदी सदस्य जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग तथा बैंच संख्या 4 में सदस्य रामावतार शर्मा तहसीलदार करौली सदस्य रहे।राष्ट्रीय लोक अदालत में संपूर्ण करौली जिले में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में से 6,526 प्रकरण रखे गए जिनमें से 3,107 प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर राशि 6,80,05,495/-रुपये का अवार्ड पारित किया गया तथा बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं के प्रि-लिटिगेशन के 22,182 प्रकरण रखे गए जिनमें से 18,125 प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर 2,76,99,644/-रु का अवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार कुल 28,708 प्रकरण रखे गए, जिनमें से 21,232 प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर राशि 9,57,05,139/-रु का अवार्ड पारित किया गया।

करौली मे लोक अदालत के दौरान प्रकरणो का निस्तारण करते न्यायिक मजिस्ट्रेट

प्रभारी सचिव ने ली बजट घोषणा की समीक्षा बैठक

गंगापुर सिटी । एचसीएम रीपा के अतिरिक्त महा निदेशक एवं गंगापुर सिटी के प्रभारी सचिव महेन्द्र सोनी की अध्यक्षता में शनिवार को पंचायत समिति के सभागार में बजट घोषणा 2024-25 के समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान की वस्तुस्थिति एवं आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रभारी सचिव ने बताया कि समीक्षा बैठक का मुख्य विषय राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए नवीनत्तम बजट में जिले के लिए की गई विशिष्ट घोषणाओं की सफल एवं समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित करने हेतु तुरन्त प्रभाव से तैयारी करते हुए सभी को जागरूक करना है। जिससे इनको आसानी से चरणबद्ध रूप से निर्धारित समय में जमीनी स्तर पर पूर्ण किया जा सके। जिले के लिए की गई विशिष्ट घोषणाओं में मुख्यत: टोडाभीम के सामुदायिक केन्द्र का उपजिला अस्पताल में क्रमोकयन, चरणबद्ध रूप से 61 करोड रुपये की लागत से गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल के भवन निर्माण, चम्बल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना, पूर्व में संचालित आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी औषधालय अथवा चिकित्सालयों को चरणबद्ध रूप से जिला आयुष चिकित्सालयों में कमोन्नत करना है। उन्होंने बताया कि चम्बल नदी आधारित

- **चम्बल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना के तहत गंगापुर के लगभग 500.ग्राम लाभान्वित होंगे**

वृहद पेयजल परियोजना के तहत लगभग 500 ग्राम और 5 कस्बे इसमें लाभान्वित होंगे, बाकी पडौसी जिलों के क्षेत्र भी सम्मिलित हैं। यह संयुक्त रूप से कुल 2 हजार 9 सौ करोड रुपये की परियोजना है। इस परियोजना के सम्बंध में प्रभारी सचिव ने समयबद्ध सफल क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए समय सीमा का चरणबद्ध रूप से निर्धारण करने हेतु जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी के अधीक्षण अभियन्ता रामकेश मीना एवं टोडाभीम अधिशासी अभियन्ता आरडी मीना को निर्देशित किया। साथ ही कहा कि संबन्धित विभागाध्यक्ष यह भी निर्धारित करें की इस तारीख तक डीपीआर बना ली जाएगी,

इस समय तक निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी, इस दिनाँक तक कार्यादेश जारी कर दिये जाएंगे आदि और इस निर्धारित समय में इस परियोजना को पूरा कर दिया जाएगा जिससे सभी स्तरों पर इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। प्रभारी सचिव सोनी ने कहा कि ये चार बजट घोषणाएँ तो जिले के लिए स्पेसिफिक है किन्तु बाकी अन्य लगभग 2०-25 ऐसी बजट घोषणाएँ है जो राज्य के सभी जिलों के लिए हैं और जिनमें गंगापुर सिटी भी सम्मिलित है। इनके प्रभावी क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबन्धित अधिकारियों को प्रदान किए गए। उन्होने बताया कि इसके अलावा बैठक में बारिश के मौसम को देखते हुए जिले में संचालित वृक्षारोपण महाअभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वृक्षारोपण के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही नही बरती जाए और न ही किसी भी प्रकार का विलम्ब होना चाहिए। भामाशाहों, प्रकृति प्रेमियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, विभिन्न संस्थाओं जैसे नगर परिषद, पंचायती राज, आदि के हितधारकों सहित आमजन को इस मुहिम से जोडते हुए इस महाभियान को सफल बनाएँ। यह खुशी की बात है कि अभी तक लगभग 2 लाख पेड जिले में लगवाए जा चूकें हैं और नियमित रूप से अधिक से अधिक वृक्ष लगवाए जा रहें हैं। पौधों की उपलब्धता एक बडी चुनौती है, इसलिए वन विभाग को भी निर्देशित गया है।